**Q: “अभ्यास ट्रोपेक्स” के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. यह अभ्यास हिंद महासागर क्षेत्र में किया जाता है
2. यह अभ्यास एक बहु-खतरे वाले वातावरण में संचालित करने के लिए भारतीय नौसेना के संयुक्त बेड़े की लड़ाकू तैयारी का परीक्षण करने का अवसर प्रदान करता है।
3. यह अभ्यास भारतीय नौसेना और भारतीय तट ग्वार के बीच ही आयोजित किया जाता है।

नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन करें:

a) 1 और 2
b) 2 और 3
c) 1 और 3
d) 1, 2 और 3

उत्तर: a
व्याख्या:

- भारतीय नौसेना के प्रमुख समुद्री अभ्यास ट्रोपेक्स का 2023 संस्करण वर्तमान में हिंद महासागर क्षेत्र में चल रहा है।
- संचालन स्तर का यह अभ्यास द्विवार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है और इसमें न सिर्फ भारतीय नौसेना की सभी इकाइयों बल्कि भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक बल से जुड़ी परिसंपत्तियों की भी भागीदारी होती है।
- पिछले कुछ वर्षों में कार्यक्षेत्र और जटिलता में वृद्धि होने के बाद, यह अभ्यास बहु-खतरे वाले वातावरण में काम करने के लिए भारतीय नौसेना के संयुक्त बेड़े के लड़ाकू तैयारी का परीक्षण करने का अवसर प्रदान करता है।
- यह समुद्री अभ्यास भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक बल के साथ संचालन स्तर के आदान-प्रदान की सुविधा भी देता है, जोकि एक जटिल वातावरण में अंतर - संचालनात्मकता और संयुक्त अभियान को और मजबूती प्रदान करेगा।

**Q: अभ्यास एम्फेक्स 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह भारत में तीनों सेनाओं के बीच वार्षिक अभ्यास है।
2. इस साल इसका आयोजन काकीनाडा में होना है।
3. इस वर्ष का अभ्यास अब तक का सबसे बड़ा AMPHEX था।

नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन करें:

e) 1 और 2
f) 2 और 3
g) 1 और 3
h) 1, 2 और 3

उत्तर: b
व्याख्या:

- तीनों सेनाओं के द्विवार्षिक जल-थल-नभ अभ्यास एम्फेक्स 2023 का सफल आयोजन हाल ही में आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में किया गया था।
- एम्फेक्स का उद्देश्य आपसी पारस्परिकता और तालमेल को बढ़ाने के लिए सहयोग सहित संचालन के विभिन्न पहलुओं में तीनों सेनाओं के विभिन्न घटकों को संयुक्त प्रशिक्षण प्रदान करना है।
- एम्फेक्स 23 अभ्यास पहली बार काकीनाडा में आयोजित किया गया और यह अब तक का सबसे बड़ा समन्वित अभ्यास था।

**Q: भारत के लिए ‘शी फीड्स द वर्ल्ड’ कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. यह कार्यक्रम मिट्टी, पानी, जैव विविधता और कार्बन पदचिह्न के मुद्दों से निपटेगा।

2. यह कार्यक्रम आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय आयाम में छोटे पैमाने की महिला उत्पादकों की भूमिका को मजबूत करने पर केंद्रित होगा।

नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन करें:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2
d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर: c

व्याख्या:

- हाल ही में, पेप्सिको फाउंडेशन और केयर ने पश्चिम बंगाल में भारत में अपने वैश्विक 'शी फीड्स द वर्ल्ड' कार्यक्रम के विस्तार की घोषणा की, जहां देश में कंपनी की पहली खाद्य फैक्ट्री है।
- कार्यक्रम 'शी फीड्स द वर्ल्ड' तीन आयामों: आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण में छोटे पैमाने की महिला उत्पादकों की भूमिका को मजबूत करने पर केंद्रित है।
- आर्थिक स्तर पर, यह छोटे पैमाने के किसानों के लिए क्षमता निर्माण करेगा; सामाजिक रूप से, परियोजना का उद्देश्य ज्ञान, संसाधनों और समावेशी बाजारों तक समान पहुंच को बढ़ावा देना है और पर्यावरण के दृष्टिकोण से, यह मिट्टी, पानी, जैव विविधता और कार्बन पदचिह्न के मुद्दों से निपटेगा।

**Q: अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में उगाए जाने वाले ताड़ के तेल के बागानों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. केंद्र ने खाद्य तेलों पर राष्ट्रीय मिशन-ऑयल पाम (NMEO-OP) लॉन्च किया, जो पूर्वोत्तर और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में ताड़ के तेल के बागानों पर ध्यान केंद्रित करता है।
2. सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति ने कहा कि तेल ताड़ के वृक्षारोपण से द्वीप समूह में वन भूमि का अतिक्रमण हो सकता है।
3. समिति ने कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में रेड ऑयल पॉम प्लांटेशन के लिए वन भूमि के डायवर्जन की कोई भी अनुमति वन संरक्षण अधिनियम, 1980 का उल्लंघन है।

नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन करें:

i) 1 और 2
j) 2 और 3
k) 1 और 3
l) 1, 2 और 3

उत्तर: d

व्याख्या:

- समिति ने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 का उल्लंघन करते हुए द्वीप समूह में लाल पाम ऑयल की बागवानी के लिए वन भूमि के उपयोग में बदलाव की कोई भी अनुमति सभी राज्यों में इसी तरह के कृषि उद्देश्यों को धड़ल्ले से बढ़ाएगी।
- समिति ने यह भी कहा कि पाम ऑयल बागवानी द्वीप समूह में वन भूमि के अतिक्रमण को बढ़ावा देगी। साथ ही, यह भी सवाल किया कि पाम ऑयल का उत्पादन मुख्य भूमि पर क्यों नहीं किया जा सका।
- वर्ष 2021 में, केंद्र ने 11,040 करोड़ रुपये की लागत वाली राष्ट्रीय खाद्य तेल-पाम ऑयल मिशन की शुरूआत की थी, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर और अंडमान निकोबार द्वीप समूह की अनुकूल जलवायु दशाओं के मद्देनजर वहां पाम ऑयल की बागवानी पर जोर देना है।
- देश में खाद्य तेल का उपभोग 250 लाख टन से अधिक है।

**Q: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. पृथ्वी की परतों को तीन भागों में बांटा गया है।
2. पृथ्वी के आंतरिक कोर की खोज सर्वप्रथम 1936 में की गई थी।
3. कोर का घूर्णन ऋतु की अवधि में परिवर्तन से संबंधित है।

नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन करें:

m) 1 और 2
n) 2 और 3
o) 1 और 3
p) 1, 2 और 3

उत्तर: a
व्याख्या:

- शोधकर्ताओं ने कहा है कि कोर का घूर्णन दिन की लंबाई में परिवर्तन से संबंधित है और इससे पृथ्वी को अपनी धुरी पर घूमने में लगने वाले सटीक समय में छोटे बदलाव हो सकते हैं। और यह ग्रह की विभिन्न परतों क्रस्ट, मेंटल और कोर के बीच संबंध हैं।
- धरती की परतों को तीन हिस्सों में विभाजित किया है क्रस्ट, मेंटल और कोर।
- शोधकर्ता भूकंप से उत्पन्न होने वाली भूकंपीय तरंगों का अध्ययन कर रहे थे। यह तरंगें पूरे ग्रह में विचरण करती है। अध्ययन से साफ पता चलता है कि पृथ्वी के आंतरिक कोर को पहली बार 1936 में खोजा गया था।